किला गेट फीडर की बंद रहेगी बिजली

श्योपुर, 25 अक्टूबर। श्योपुर शहर वितरण केन्द्र अंतर्गत 11 केव्ही लाइनों का दीपावाली पूर्व मेंटीनेंस कार्य होने से 26 अक्टूबर को 11 केव्ही किला गेट फीडर से प्रात: 07 बजे से प्रात: 11 बजे तक बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

प्रबंधक वितरण केन्द्र शहर श्योपुर ने बताया कि 11 केव्ही किला गेट फीडर से 26 अक्टूबर को प्रात: 07 बजे से 11 बजे तक बिजली की आपूर्ति बंद रहेगी, जिसके चलते कण्डेल बाजार, भैसपाडा, किला बगीची, चतरदास का टिला, गुलैया मोहल्ला, गुलाब बाडी, हरिजन बस्ती, ईदगाह रोड क्षेत्र प्रभावित रहेंगे।

पराली जलाने पर चार किसानों के विरुद्ध 17,500 रु. का अर्थदंड

प्रतिबंध का उल्लंघन करने पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 25 अक्टूबर। जिले में फसल अवशेष एवं धान की पराली जलाने पर लगाए गए प्रतिबंध का उल्लंघन करने वाले किसानों के विरुद्ध प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गई है। एसडीएम श्री मीणा द्वारा जारी आदेशों के माध्यम से 4 किसानों पर 17 हजार 500 रुपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सुश्री दाहिमा द्वारा जिले में पराली जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है तथा किसानों को शिविर लगाकर तथा अन्य माध्यमों से पराली न जलाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

राजस्व एवं कृषि विभाग की रिपोर्ट के अनुसार तहसील श्योपुर के ग्राम छोटाखेड़ा में जाकिर पुत्र शेर अली खान द्वारा सर्वे क्रमांक 225/1 की 1.56 हेक्टेयर भूमि पर तथा ग्राम माधोराजपुरा में गुरुवचन सिंह पुत्र गुरुमुख सिंह द्वारा सर्वे क्रमांक 58/1 की 0.20 हेक्टेयर भूमि पर पराली जलाने का मामला सामने आने पर क्रमश: 5,000 एवं 2,500 का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है। इसी प्रकार, तहसील बड़ौदा के ग्राम अलापुरा में धनराज पुत्र मुरारी द्वारा सर्वे क्रमांक 271 की 1.327 हेक्टेयर भूमि पर तथा ग्राम पांडोली में देवीशंकर पुत्र सियाराम द्वारा सर्वे क्र. 38/1?/1/2 की 1.045 हेक्टेयर भूमि पर पराली जलाने के मामले में प्रत्येक पर 5-5 हजार का अर्थदंड अधिरोपित किया गया है।

इस प्रकार चारों प्रकरणों में कुल 17,500 का अर्थदंड करने की कार्यवाही की गई है, संबंधित तहसीलदारों एवं नायब तहसीलदार को निर्देशित किया गया है कि अधिरोपित अर्थदंड की राशि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार डी.पी.जी. में संधारित कर वसूली की कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा की गई कार्रवाई से संबंधित न्यायालय को अवगत कराएं।

एसडीएम श्री मीणा ने स्पष्ट किया कि पराली जलाने से वायु प्रदूषण बढ़ता है तथा मिट्टी की उर्वरता एवं पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। किसानों से अपील की गई है कि वे फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करें तथा पराली जलाने से बचें। जिला प्रशासन द्वारा प्रतिबंध का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।

समन्वय समिति की बैठक 29 को

श्योपुर, 25 अक्टूबर। कलेक्टर सुश्री दाहिमा की अध्यक्षता में गौशाला परियोजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक 29 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उपसंचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि उक्त बैठक में मनरेगा द्वारा निर्मित गौशालाओं के पंजीयन, गौशालाओं के अपूर्ण निर्माण कार्यों को पूर्ण किये जाने, गौशालाओं में पानी एवं बिजली की उपलब्धता आदि बिन्दुओं पर चर्चा करते हुए समीक्षा की जायेगी।

जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 30 को

श्योपुर, 25 अक्टूबर। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी की अध्यक्षता में जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक 30 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे से आयोजित की गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री जायसवाल ने बताया कि जिला पंचायत सभागार में आयोजित उक्त बैठक में पीएचई एवं विधुत विभाग के कार्यो की समीक्षा की जायेगी, इसके साथ ही जिला पंचायत की कार्य योजना पर विचार विमर्श किया जायेगा।

कार्बाइड गन बेचने वाला आरोपी पकड़ा

74 अवैध कार्बाइड गन जब्त

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 24 अक्टूबर। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री दाहिमा द्वारा जिले में आगामी त्योहारों और सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है जिसमे कार्बाइड गन के विक्रय, निर्माणऔर उपयोग को प्रतिबंधित किया गया हे

इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्योपुर श्री रहमान द्वारा सभी थाना क्षेत्रों में उक्त आदेश के पालन के संबंध में ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इस कड़ी में थाना कोतवाली श्योपुर पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से कार्बाइड गन रखकर विक्रय करने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में सफ्लता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से कुल 74 लोहे की अवैध कार्बाइड गन जप्त की हैं।

पुलिस को सूचना मिली कि खातोली तिराहे से आगे बड़ौदा रोड स्थित सब्बार अली हार्डवेयर दुकान के संचालक द्वारा अपनी दुकान में अवैध रूप से कार्बाइड गन रखकर

विक्रय की जा रही है। सूचना पर दबिश दी गई और दुकान पर मौजूद व्यक्ति ने अपना नाम मोहिज अली पुत्र सब्बार अली (उम्र 47 वर्ष, निवासी बोहरा मोहल्ला, श्योपुर) बताया।

तलाशी एवं जब्ती की कार्रवाई

दुकान की तलाशी लेने पर एक कोने में कट्टों में भरी हुई कुल 74 लोहे की पाइप से बनी कार्बाइड गन बरामद हुईं। इन गनों में विस्फोटक पदार्थ भरने का स्थान तथा फायर छड़ लगी पाई गई, जिससे विस्फोट होने पर तेज आवाज और हानिकारक अनियंत्रित चिंगारियां निकलती हैं। यह मानव जीवन के लिए अत्यंत संकटापन्न (खतरनाक) है तथा पाइप फटने से गंभीर जनहानि की प्रबल संभावना रहती है। उक्त कार्रवाई एसडीओपी आनंद कुमार राय के नेतृत्व में की गई जिसमे निरीक्षक सत्यम सिंह गुर्जर (थाना प्रभारी कोतवाली), उनी. सुमेर सिंह धाकड़, सउनि. रामनरेश कंषाना, प्र.आर. 236 रविशंकर शर्मा, प्र.आर. 383 देवेन्द्र गुर्जर, तथा म.आर. 616 अंजू गोस्वामी की सराहनीय भूमिका रही है।

बगैर नंबर प्लेट एवं दस्तावेजों के जेसीबी जब्त, नौ यात्री बसों की चैकिंग भी की गई

श्योपुर, 25 अक्टूबर। कलेक्टर सुश्री दाहिमा के मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी श्री भील द्वारा वाहन चेकिंग अभियान अंतर्गत बगैर नंबर प्लेट तथा दस्तावेजो के पाई गई जेसीबी को जब्त कर ढोढर थाने की सुपुर्दगी में दिया गया है। इसके साथ ही 9 यात्री बसों के दस्तावेजों का परीक्षण भी किया गया। जिला परिवहन अधिकारी श्री भील ने बताया कि चौकिंग के दौरान नहर रोड पर सेमल्दा के पास बगैर नंबर प्लेट की जेसीबी पाये जाने पर दस्तावेजों की चैकिंग की गई, लेकिन वाहन चालक धर्मेन्द्र द्वारा जेसीबी से संबंधित रजिस्ट्रेशन आदि दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये, इस पर उक्त वाहन को जब्त कर ढोढर थाने में रखवाया गया है। दस्तावेजों की जांच के उपरांत कमियां पाये जाने पर जुर्माने आदि की कार्यवाही की जायेगी। इसी प्रकार जिले में संचालित 9 यात्री बसों की चैकिंग करते हुए दस्तावेजों का परीक्षण किया गया।

मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत होगी प्रतियोगिता

सबसे ज्यादा दुग्ध उत्पादन के लिए पशुपालकों को मिलेंगे पुरस्कार

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 25 अक्टूबर। पशुपालन एवं डेयरी विभाग मध्यप्रदेश शासन द्वारा मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत गौ-पालकों के लिए गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत सबसे अधिक दूध देने वाली गाय के पालक को एक लाख रूपये का पुरस्कार प्रदान किया जायेगा।

कलेक्टर सुश्री दाहिमा के मार्गदर्शन में जिले के वृंदावन ग्राम नागदा और श्यामपुर में इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जायेगा।

उप संचालक पशुपालन डॉ सुभाषबाबू दौहरे ने बताया कि मुख्यमंत्री वृंदावन ग्राम योजना अंतर्गत जिले में दो गांव नागदा और श्यामपुर चयनित है, इन ग्रामों में शासन की योजना के तहत गोपाल कृष्ण ग्राम पुरस्कार योजना का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें गो-पालकों को प्रथम पुरस्कार के रूप में एक लाख रूपये, द्वितीय पुरस्कार के रूप में 50 हजार रूपये तथा तृतीय पुरस्कार के रूप में 25 हजार रूपये की राशि प्रदान की जायेगी। यह प्रतियोगिता उक्त दोनो ग्रामों के लिए अलग-अलग होगी।

उप संचालक पशुपालन डॉ दौहरे ने बताया कि श्यामपुर में प्रतियोगिता का आयोजन 27 एवं 28 अक्टूबर को तथा नागदा में प्रतियोगिता का आयोजन 30 एवं 31 अक्टूबर को किया जायेगा। इसके लिए पशुपालक अपने आवेदन 26 अक्टूबर तक जमा कर सकते है।

ग्राम नागदा के लिए डॉ सचिन उपाध्याय मोबाइल नंबर 9993508879 तथा श्यामपुर के लिए डॉ गहलोत मोबाइल नंबर 9752869694 के पास जमा करा सकते है तथा अधिक जानकारी के लिए उक्त दूरभाष क्रमांक पर संपर्क कर सकते है। इस प्रतियोगिता में देशी गाय के गौपालक ही भाग ले सकेंगे तथा सुबह-शाम का मिलाकर 6 लीटर से अधिक दूध देने वाली गाय ही इसमें शामिल होंगी।

प्रतियोगिता में संबंधित वृंदावन ग्राम के गौपालक ही भाग ले सकेंगे। विजेता गौपालको को गोवर्धन पूजन के दिन राज्य स्तर से डीबीटी के माध्यम से पुरस्कार राशि अंतरित की जायेगी।

ट्रैक्टर ट्रैनिंग सेंटर फार्म हाउस में बाघ की दस्तक से दहशत

- रविवार को सर्चिंग ऑपरेशन के दौरान मिले बाघ के पगमार्क
- एक दिन पहले कर्मचारी ने बनाया था बाघ का वीडियो

नवभारत न्यूज

बुधनी 25 अक्टूबर. नगर के समीप स्थित ट्रैक्टर ट्रेनिंग सेंटर के फार्म हाउस क्षेत्र में शनिवार शाम बाघ दिखाई देने से हड़कंप मच गया. फार्म हाउस के कर्मचारियों ने बाघ का वीडियो बनाया और इसकी सूचना वन विभाग को दी. वन विभाग की टीम पहुंची और सर्चिंग शुरू की, लेकिन क्षेत्र में अंधेरा और झाड़ियां होने के कारण अभियान को रोककर रविवार सुबह दोबारा शुरू किया गया. इस दौरान टीम को क्षेत्र में बाघ के पगमार्क मिले हैं. जिसके आधार पर बाघ की उम्र लगभग चार से पांच वर्ष होने का अनुमान है.

ट्रैक्टर ट्रेनिंग सेंटर का फार्म हाउस मृगन्नाथ पहाड़ी क्षेत्र से लगा हुआ है. शनिवार शाम यहां बाघ दिखाई देने की सूचना मिली थी. बाघ फार्म हाउस परिसर में स्थित मछली तालाब के नजदीक नजर आया था.

सूचना के बाद वन विभाग की सर्चिंग टीम ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया. इस दौरान फार्म हाउस की दीवारें कई स्थानों पर टूटी हुई मिलीं. हालांकि बाघ के परिसर में प्रवेश का रास्ता स्पष्ट नहीं हुआ है. वन विभाग की टीम संभावित रास्तों और बाघ की गतिविधियों पर नजर रख रही है.

बाघ की गतिविधि सामने आने के बाद वन विभाग की टीम क्षेत्र की निगरानी कर रही है. लोगों से अपील की गई है कि बाघ दिखाई देने पर उसके नजदीक न जाएं, उसका पीछा न करें और फोटो या वीडियो बनाने के लिए जोखिम न उठाएं.

बाघ की मौजूदगी की जानकारी मिलने पर तत्काल वन विभाग को सूचित करें.

शरद पूर्णिमा पर कांग्रेस ने किया पौधारोपण

सीहोर. शरद पूर्णिमा पर कांग्रेसजनों नेटाऊन हॉल पहुंचकर पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया. इस मौके पर कांग्रेसजनों ने आम और आंवला के 5 पौधे रोपे. पंकज शर्मा ने बताया कि आधुनिकता के दौर में विकास के नाम पर पेड़ काटे जा रहे हैं, जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान पहुंच रहा है तथा ग्लोबल वार्मिंग और ओजोन परत में छेद की घटनाएं होने से मानव जाति के अस्तित्व पर संकट खड़ा हो गया है. उन्होंने कहा कि हमें सबसे पहले तो वृक्षों की कटाई पर अंकुश लगाना चाहिए और सभी को अपने जीवन में कम से कम 10 फलदार और छायादार पौधे जरूर लगाना चाहिए, जिससे हमारा पर्यावरण स्वच्छ रहे तथा पीढ़ियों के अस्तित्व पर आने वाला गंभीर संकट भी टल सके.

स्ट्रॉ रीपर से पराली प्रबंधन का प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

श्योपुर, 25 अक्टूबर। कलेक्टर सुश्री दाहिमा के मार्गदर्शन में पराली प्रबंधन के लिए विभिन्न प्रकार की पहल की जा रही है। इसी क्रम में स्ट्रॉ रीपर (भूसा मशीन) के माध्यम से ग्राम मऊ में पराली प्रबंधन का प्रदर्शन किया गया।

सहायक कृषि यंत्री नवीन कुमार ने बताया कि पराली प्रबंधन हेतु किसानो को पराली न जलाने के प्रति जागरूक करने एवं फसल अवशेषों का उचित प्रबंधन करने के उद्देश्य से कृषक गुरप्रीत सिंह ग्राम मऊ के खेत में स्ट्रा रीपर का प्रदर्शन कर पराली से भूसा तैयार किया गया जिससे फसल अवशेषों का उपयोग पशु चारे के रूप में किया जा सकता है। किसानों को पराली जलाने से होने वाले पर्यावरणीय नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए आधुनिक कृषि यंत्रों के माध्यम से सहायक कृषि यंत्री नवीन कुमार द्वारा पराली प्रबंधन अपनाने हेतु अपील की गई है।

पांच साल का इंतजार, आखिरी महीनों में विकास की रफ्तार

दशकों से उपेक्षित वार्ड क्र. 2 में नपा परिषद के कार्यकाल के आखिरी दौर में जागा विकास, अब पक्की सड़कों व नालियों की जागी आस

- आदिवासी वर्ग के वार्ड से विकास की रोशनी रही दूर
- सीवेज लाइन बिछने के बाद अब शुरू हुआ सड़क निर्माण

नवभारत न्यूज

सीहोर 25 अक्टूबर. पांच साल का कार्यकाल गुजरने को है, लेकिन वार्ड क्रमांक 2 की बस्तियां अब तक बुनियादी सुविधाओं की बाट जोहती रहीं. आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित इस वार्ड में विकास की रफ्तार इतनी सुस्त रही कि बारिश आते ही गलियां दलदल में तब्दील हो जाती हैं. कच्ची सड़कों पर कीचड़, नालियों का अभाव और घरों में घुसता बारिश का पानी गरीब परिवारों की परेशानी बढ़ाता रहा है. गर्मी में पेयजल संकट और रात में स्ट्रीट लाइट की कमी ने रहवासियों की मुश्किलें और बढ़ाई हैं. विडंबना यह है कि हर चुनाव में यहां जनप्रतिनिधि बदलने का अवसर भले न आता हो, लेकिन समस्याएं बरकरार रही हैं. अब जबकि नगरपालिका परिषद का कार्यकाल अंतिम दौर में है, वार्ड में विकास कार्यों ने रफ्तार पकड़ना शुरू किया है.

नगरपालिका परिषद के वर्तमान कार्यकाल के अंतिम चरण में आखिरकार वार्ड क्रमांक 2 में विकास कार्यों की शुरुआत हो गई है. करीब 12 हजार की आबादी वाले इस वार्ड के रहवासी लंबे समय से पक्की सड़कों, नालियों, स्ट्रीट लाइट और नियमित पेयजल जैसी बुनियादी सुविधाओं की राह देख रहे हैं. बारिश के दिनों में कच्ची सड़कों पर कीचड़ और घरों में घुसता पानी लोगों की परेशानी बढ़ाता रहा है.

अब अमृत योजना फेस-2 के तहत सीवेज लाइन बिछाने का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा होने के बाद सड़कों का निर्माण शुरू हुआ है. हालांकि सवाल यही है कि कार्यकाल के आखिरी महीनों में शुरू हुए ये काम वार्ड की वर्षों पुरानी समस्याओं से कितनी राहत दिला पाएंगे. नगरपालिका का वार्ड क्रमांक 2 आदिवासी वर्ग के लिए आरक्षित है. यहां हर चुनाव में आदिवासी वर्ग का प्रतिनिधि पार्षद चुना जाता रहा है. वर्तमान में विपिन सास्ता नाना वार्ड के पार्षद होने के साथ नगरपालिका उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं.

पिछले चुनाव में कांग्रेस ने यहां से आयतित प्रत्याशी को चुनाव में उतारा था. जिसकी वजह से नाना ने आसानी से विजय हासिल की थी. वे इससे पहले भी दो बार पार्षद रह चुके हैं. इस वार्ड में करीब 2600 मतदाता हैं, जबकि आबादी लगभग 12 हजार बताई जाती है. इसके अंतर्गत देवनगर कॉलोनी, ब्रह्मपुरी कॉलोनी का एक हिस्सा और इंद्रानगर क्षेत्र आता है. वार्ड में बड़ी संख्या में मजदूर और आर्थिक रूप से कमजोर परिवार रहते हैं. ऐसे में सड़क, नाली और पेयजल जैसी सुविधाओं का अभाव उनके लिए रोजमर्रा की मुश्किल बन जाता है.

चुनाव के दौरान विकास की उम्मीदें जरूर जगती हैं, लेकिन रहवासियों की मानें तो बुनियादी सुविधाओं के मामले में वार्ड को अपेक्षित राहत नहीं मिल सकी है. हर साल बारिश के दौरान नगरपालिका की ओर से कच्ची सड़कों पर मुरम डालकर अस्थायी राहत देने की कोशिश की जाती रही है. इसके पीछे सीवेज लाइन बिछने के बाद पक्की सड़कें बनाने का तर्क दिया जाता था. नतीजतन रहवासियों को लंबे समय तक समाधान का इंतजार करना पड़ा. इसके अलावा कई स्थानों पर स्ट्रीट लाइट की कमी के कारण रात में अंधेरा रहता है, वहीं गर्मी के मौसम में पेयजल संकट भी मुश्किलें बढ़ाता है. हालांकि वार्ड पार्षद विपिन सास्ता का कहना है कि शीघ्र ही वार्ड की सभी सड़कों व नालियों का निर्माण हो जाएगा और अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे.

वार्ड का सर्वांगीण विकास कराएंगे

यह कहना उचित नहीं है कि वार्ड क्रमांक दो के साथ उपेक्षित व्यवहार किया गया है. मेरे कार्यकाल में इस वार्ड में भी पर्याप्त विकास कार्य कराए गए हैं. वार्ड पार्षद एवं नपा उपाध्यक्ष विपिन सास्ता द्वारा परिषद में जो भी कार्य बताए गए उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा किया गया है और विकास कार्य जारी हैं. सड़कों का कार्य सीवेज के चलते जरूर अटका था, लेकिन अब काफी हद तक सीवेज कार्य हो चुका है. ऐसे में इन सड़कों का निर्माण भी प्रारंभ हो गया है.

बारिश में सड़कों पर कीचड़, घरों तक पहुंचता है पानी

वार्ड की कई गलियां लंबे समय तक कच्ची रही हैं. पक्की सड़कों और नालियों के अभाव में बारिश होते ही देवनगर, ब्रह्मपुरी और इंद्रानगर की बस्तियों में कीचड़ और जलभराव की स्थिति बन जाती है. पानी की निकासी का उचित इंतजाम नहीं होने से बारिश का पानी घरों की दहलीज पार कर अंदर तक पहुंच जाता है. इससे गरीब परिवारों के घरेलू सामान को नुकसान उठाना पड़ता है और उनकी परेशानी बढ़ जाती है.

सीवेज के बाद सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ

वार्ड क्रमांक 2 में शहर का प्रमुख छावनी विश्राम घाट भी स्थित है, जहां अंत्येष्टि में शामिल होने के लिए जनप्रतिनिधियों और गणमान्य नागरिकों का आना-जाना लगा रहता है. इसके बावजूद वार्ड की बस्तियों में बुनियादी सुविधाओं की कमी लंबे समय से बनी रही. हालांकि अब स्थिति में बदलाव की शुरुआत दिखाई देने लगी है. अमृत योजना फेस-2 के तहत सीवेज लाइन बिछाने का काम लगभग 90 प्रतिशत पूरा हो चुका है. जिन स्थानों पर लाइन बिछाने का काम पूरा हो गया है, वहां पक्की सड़कों का निर्माण शुरू कर दिया गया है. नवभारत की वार्ड परिक्रमा के दौरान देवनगर कॉलोनी में सड़क निर्माण कार्य चलता मिला. मौके पर स्थानीय पार्षद एवं नगरपालिका उपाध्यक्ष विपिन सास्ता नाना भी मौजूद थे. उन्होंने स्वीकार किया कि सीवेज लाइन बिछाने में हुई देरी का असर वार्ड के विकास कार्यों पर पड़ा है. उनके अनुसार अब आगामी कुछ महीनों में वार्ड की सभी सड़कों को पक्का बनाने का काम पूरा कर लिया जाएगा.

ट्रैक्टर-ट्राली पलटने से चालक की मौत

- बीती देर रात लसूड़िया कांगर के समीप हुआ सड़क हादसा
- ट्राली में दबे चालक को बाहर निकालने के दौरान हुई मौत

नवभारत न्यूज

इछावर 25 अक्टूबर. थाना क्षेत्र में बोरदी और लसूडिया कांगर के बीच हाईवे पर ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से ग्राम बिछौली निवासी चालक की मौके पर ही मौत हो गई. इस दौरान चालक ट्रैक्टर के नीचे दब गया था. सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया.

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात चालक ग्राम बिछौली निवासी हरीप्रसाद उर्फ छोटू ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर जा रहा था. रफ्तार अधिक होने के कारण चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और ट्रैक्टर-ट्रॉली पलट गई. हादसे में चालक छोटू उसके नीचे दब गया, जिससे उसकी मौत हो गई. वहां से गुजर रहे राहगीरों की भीड़ जमा हो गई लोगों ने चालक को बाहर निकालने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी. सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची.

चालक के शव को बाहर निकलवाया और पीएम के लिए भेजा. पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है.

स्टूडियो से कैमरे चुराने वाले आरोपी गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

जावर 25 अक्टूबर. जावर थाना पुलिस ने ग्वाली रोड स्थित सोनी स्टूडियो में हुई चोरी की वारदात का खुलासा करते हुए भोपाल निवासी चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है. आरोपियों से चार डिजिटल कैमरे और दो हार्ड डिस्क बरामद की गई हैं.

पुलिस के अनुसार शुभम सोनी ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 29 अगस्त की रात दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर चार डिजिटल कैमरे किट सहित और दो हार्ड डिस्क चोरी कर ले गए. पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर चोरों की तलाश प्रारंभ करते हुए चार आरोपियों चिराग पाठक, अभिषेक कुशवाह, भारत अहिरवार, मोहम्मद अजहर उद्दीन को गिरफ्तार किया. सभी आरोपी भोपाल निवासी बताए जाते हैं. उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक श्याम कुमार सूर्यवंशी, उपनिरीक्षक बीएल मालवीय, प्रधान आरक्षक सुरेश परमार, आरक्षक अनिल, राहुल, सुरेंद्र और नरेंद्र के साथ साइबर सेल सीहोर के सुशील साल्वे एवं शैलेन्द्र राजपूत का सराहनीय योगदान रहा.

पटाखा बेचने के लाइसेंस आवेदन 28 तक : जिले में विस्फोटक सामग्री के निर्माण, संधारण, परिवहन एवं विक्रय सहित पटाखा विक्रय के लिए एनओसी और लाइसेंस प्राप्त करने की ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 12 अक्टूबर से शुरू हो गई है.

विदिशा को हराकर सीहोर फाइनल में

सीहोर. शहर के बीएसआई मैदान पर मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के निर्देश पर बीडीसीए के सहयोग से जिला क्रिकेट एसोसिएशन के द्वारा इंटर डिस्ट्रीक अंडर-15 क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है.

सीहोर ने विदिशा के खिलाफ एक पारी और 90 रन की शानदार जीत दर्ज की है. इस मौके पर पुनित चतुर्वेदी, मुजीदउद्दीन, अतुल तिवारी, वीरु वर्मा, आशीष शर्मा, नागेन्द्र व्यास, अतुल त्रिवेदी, आशीष मेवाड़ा, अतुल कुशवाहा, आर्दश राय, मदन कुशवाहा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया. सोमवार को सुबह राजगढ़ और भोपाल के मध्य मैच खेला जाएगा.